**प्रादेशिक समाचार एकांश**
**आकाशवाणी, भोपाल**
**प्रातःकालीन समाचार**

**मुख्य समाचार :–**

- प्रधानमंत्री ने तमिलनाडु के कलपक्कम में स्वदेशी रिएक्टर द्वारा क्रिटिकैलिटी हासिल करने को देश की बड़ी वैज्ञानिक सफलता बताया।
- भोपाल में आज विधानसभा की 19 नई समितियों की पहली संयुक्त बैठक; मुख्यमंत्री और नेता प्रतिपक्ष होंगे शामिल।
- मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने 'सुगम संपर्कता परियोजना' के तहत मजरों–टोलों को सड़कों से जोड़ने के निर्देश दिए।
- प्रदेश के 24 जिलों में 9 अप्रैल तक आंधी और बारिश की चेतावनी; 11 अप्रैल से एक और नया सिस्टम सक्रिय होगा।

**'प्रोटोटाइप फास्ट ब्रीडर रिएक्टर'–प्रधानमंत्री**

तमिलनाडु के कलपक्कम में स्वदेशी रूप से निर्मित 'प्रोटोटाइप फास्ट ब्रीडर रिएक्टर' ने क्रिटिकैलिटी हासिल कर ली है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने इस उपलब्धि को देश की वैज्ञानिक क्षमता का प्रमाण बताते हुए कहा कि यह भारत के तीन चरणों वाले परमाणु कार्यक्रम के दूसरे चरण की एक निर्णायक शुरुआत है। 500 मेगावाट क्षमता वाला यह उन्नत रिएक्टर अपनी खपत से अधिक ईंधन पैदा करने में सक्षम है, जो भविष्य में भारत के विशाल थोरियम भंडार के उपयोग का मार्ग प्रशस्त करेगा। इसके पूर्णतः चालू होते ही, रूस के बाद भारत व्यावसायिक फास्ट ब्रीडर रिएक्टर संचालित करने वाला दुनिया का दूसरा देश बन जाएगा।

**संयुक्त बैठक–विधानसभा अध्यक्ष**

राज्य विधानसभा की नवगठित समितियों की पहली संयुक्त बैठक आज विधानसभा के मानसरोवर सभागार में आयोजित की जा रही है। विधानसभा अध्यक्ष नरेंद्र सिंह तोमर द्वारा वर्ष 2026–27 के लिए गठित इन समितियों की अध्यक्षता स्वयं श्री तोमर करेंगे। इस महत्वपूर्ण बैठक में मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव, नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार और संसदीय कार्य मंत्री कैलाश विजयवर्गीय सहित सभी 19 समितियों के सभापति और सदस्य शामिल होंगे। बैठक में लोक लेखा, प्राक्कलन और महिला एवं बाल कल्याण जैसी प्रमुख समितियों के आगामी कार्ययोजनाओं पर चर्चा की जाएगी।

**मुख्यमंत्री–सड़क निर्माण समीक्षा**

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने ग्रामीण क्षेत्रों में सड़क निर्माण के लिए 'सुगम संपर्कता परियोजना' की समीक्षा करते हुए आधुनिक तकनीक और वैज्ञानिक पद्धति के उपयोग पर जोर दिया है। बीते कल सोमवार को भोपाल में आयोजित बैठक में मुख्यमंत्री ने निर्देश दिए कि सड़कों की गुणवत्ता की निगरानी के लिए ड्रोन का इस्तेमाल किया जाए। इस परियोजना के तहत एक हजार करोड़ रुपये की लागत से 100 से अधिक आबादी वाले मजरों–टोलों और सांदीपनि स्कूलों तक सड़कें बनाई जाएंगी। खास बात यह है कि सड़कों के चयन और डीपीआर के लिए 'सिपरी' सॉफ्टवेयर का उपयोग हो रहा है। प्रत्येक जनपद पंचायत अब तीन करोड़ रुपये तक के कार्यों की स्वीकृति दे सकेगी, जिससे ग्रामीण आवागमन और भी सुगम होगा।

**आरोग्य भारती कार्यशाला–राज्यपाल**

राज्यपाल मंगुभाई पटेल ने कल भोपाल में आयोजित आरोग्य भारती की कार्यशाला में स्वस्थ जीवन का मूल मंत्र साझा किया है। राज्यपाल ने कहा कि इंद्रियों पर नियंत्रण और प्रकृति के अनुरूप जीवन शैली ही निरोगी रहने का आधार है।उन्होंने आयुर्वेद और नेचुरोपैथी के महत्व को रेखांकित करते हुए बताया कि जल, वायु, सूर्य और संतुलित आहार के माध्यम से शरीर की रोग प्रतिरोधक क्षमता को सशक्त बनाया जा सकता

है। राज्यपाल ने विशेष रूप से मिलेट्स के सेवन, पर्याप्त नींद और प्राकृतिक वातावरण के सकारात्मक प्रभाव पर जोर देते हुए 'स्वस्थ समाज और सशक्त राष्ट्र' के संकल्प को दोहराया।

## क्षेत्रीय सम्मेलन–केंद्रीय कृषि मंत्री

केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान आज पाँच राज्यों के कृषि मंत्रियों के साथ एक महत्वपूर्ण क्षेत्रीय सम्मेलन की अध्यक्षता करेंगे। इस बैठक का मुख्य उद्देश्य रबी और खरीफ फसलों के लिए एक ठोस कार्ययोजना तैयार करना है। मंत्री चौहान ने कहा कि देश के अलग–अलग एग्रो–क्लाइमेटिक ज़ोन के अनुसार क्षेत्रवार योजना बनाना अधिक प्रभावी होता है।

## खाद्यान्न भंडार

सरकार ने पश्चिम एशिया संघर्ष के बीच आश्वासन दिया है कि देश में खाद्यान्न का पर्याप्त भंडार है। नई दिल्ली में अंतर–मंत्रालय संवाददाता सम्मेलन में उपभोक्ता कार्य विभाग के अपर सचिव अनुपम मिश्रा ने कहा कि सरकार वस्तुओं की कीमतों और आपूर्ति पर नजर रख रही है।

## बैठक ग्वालियर–सिंधिया

केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने ग्वालियर के सुनियोजित विकास और औद्योगिक समृद्धि के लिए अधिकारियों को समयबद्ध कार्ययोजना बनाने के निर्देश दिए हैं। सोमवार को हुई बैठक में बताया गया कि शहर की पहली एलीवेटेड रोड का प्रथम चरण इस साल नवंबर तक पूरा हो जाएगा। सिंधिया ने ग्वालियर रेलवे स्टेशन के सौंदर्यीकरण को 31 अक्टूबर तक पूर्ण करने और महाराज बाड़ा को 'नो व्हीकल जोन' बनाने पर जोर दिया। साथ ही, जौरासी में बन रहे अम्बेडकर धाम में बाबा साहब पर केंद्रित विशेष पाठ्यक्रम शुरू करने के निर्देश भी दिए।

## रेलवे परियोजना

भारतीय रेलवे ने अपने पूरे नेटवर्क में सुरक्षा, सिग्नलिंग और संचार अवसंरचना मजबूत करने के लिए एक हजार तीन सौ 64 करोड़ रुपये की कई परियोजनाओं को मंजूरी दी है। इसमें रेल इंजन पर स्वदेशी 'कवच' प्रणाली स्थापित करना, ऑप्टिकल फाइबर केबल नेटवर्क का विस्तार करना और पैनल इंटरलॉकिंग को इलेक्ट्रॉनिक सिस्टम से बदलना शामिल है। इन कार्यों का उद्देश्य रेलगाडियों की आवाजाही सुरक्षित बनाना और हाई–स्पीड डेटा संचार को बढ़ाना है।

## मौसम

प्रदेश में मौसम का नया सिस्टम एक्टिव हो गया है! मौसम विभाग ने अगले 3 दिनों तक भोपाल और ग्वालियर समेत 24 जिलों में आंधी और बारिश का अलर्ट जारी किया है।आज दोपहर बाद ग्वालियर, चंबल और सागर संभाग में 40 से 60 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से तेज हवाएं चल सकती हैं। ओलावृष्टि और गरज–चमक का यह दौर 9 अप्रैल तक जारी रहेगा। किसानों को सलाह है कि वे अपनी कटी हुई फसल को सुरक्षित स्थान पर रखें, क्योंकि 11 अप्रैल से एक और पश्चिमी विक्षोभ प्रदेश में दस्तक देने वाला है।

## आईपीएल

आईपीएल क्रिकेट में, कोलकाता के ईडन गार्डन्स में कल रात कोलकाता नाइट राइडर्स और पंजाब किंग्स के बीच का मैच बारिश के कारण रद्द हो गया। आज के मैच में, राजस्थान रॉयल्स का मुकाबला मुंबई इंडियंस से गुवाहाटी के बरसापारा क्रिकेट स्टेडियम में भारतीय मानक समयानुसार शाम 7:30 बजे होगा।

**अब कुछ समाचार संक्षेप में :–**

- जनजातीय कार्य मंत्रालय के तत्वावधान में "प्रथम राष्ट्रीय युवा संसद क्षेत्रीय स्तरीय प्रतियोगिता 2025–26" का आयोजन खंडवा जिले के एकलव्य मॉडल रेजिडेंशियल स्कूल, रोशनी में किया गया।
- शिवपुरी जिले में मप्र प्रशासनिक इकाई पुनर्गठन आयोग ने कलेक्ट्रेट में एक बैठक ली। आयोग के अध्यक्ष एस.एन.मिश्रा ने बताया कि प्रशासनिक इकाइयों के पुनर्गठन और युक्तियुक्तकरण का उद्देश्य प्रशासकीय कार्यों की दक्षता को बढ़ाना और सुलभ प्रशासन उपलब्ध कराना हैं।
- आगरमालवा कलेक्टर प्रीति यादव ने टीएल बैठक में निर्देश दिए की जिले में समर्थन मूल्य पर 10 अप्रैल से शुरू होने वाले गेहूं उपार्जन को लेकर सभी आवश्यक तैयारियां समय पूर्व पूरी कर उपार्जन से जुड़े सभी विभाग आपसी समन्वय के साथ कार्य करें।
- जिला रोजगार कार्यालय, नर्मदापुरम द्वारा शिक्षित बेरोजगार युवक–युवतियों को रोजगार के अवसर प्रदान करने के उद्देश्य से युवा संगम रोजगार तथा स्वरोजगार मेला का आयोजन 10 अप्रैल को शासकीय पॉलिटेक्निक महाविद्यालय, इटारसी में आयोजित होगा।
- झाबुआ जिले में "संकल्प से समाधान अभियान" का समापन कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अभियान की शुरुआत 12 जनवरी से हुई थी, जो चार चरणों में चलते हुए 31 मार्च को सफलतापूर्वक पूरा हुआ।
- डिण्डोरी जिले की प्रतिभाशाली कुश्ती खिलाड़ी चाँदनी नरेती ने जिले का नाम रोशन किया है। उन्होंने खेलो मध्यप्रदेश यूथ गेम्स के अंतर्गत उज्जैन में आयोजित प्रतियोगिता में शानदार प्रदर्शन करते हुए रजत पदक प्राप्त किया।
- सतना जिले में कलेक्ट्रेट स्थित ई–दक्ष केंद्र में पुलिस विभाग के अधिकारियों एवं कर्मचारियों के लिए ई–ऑफिस प्रणाली विषयक प्रशिक्षण कार्यक्रम सोमवार से प्रारंभ हो गया है।

––––––––––––––